संक्षिप्त

## पोस्टर व राखी प्रतियोगिता का आयोजन

**फुलेरा।** कस्बे के हलवाई बाजार स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में गुरुवार को हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं के मध्य पोस्टर एवं राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की सभी छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। उपरोक्त जानकारी देते हुए विद्यालय प्रधानाचार्या नविता कुमारी वर्मा ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाली छात्राओं को पुरुस्कृत किया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय की उत्सव प्रभारी शर्मिला भाटिया,गिरिराज सौमरिया, अर्जुन सिंह मीणा, कमला बागड़ी, तरुणा बंसल, बीना मौर्य, वर्षा शर्मा, चन्द्रशेखर त्यागी, वन्दना सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## भंडारे में श्रदालुओं में पाई प्रसादी

**राजगढ़,** (निसं)। कस्बे के बस स्टैंड पर शिव मित्र मंडल सेवा समिति तबेला की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा की समापन पर विशाल भंडारे में हजारों श्रदालुओं में प्रसादी ठाहण की। श्रद्धा एवं भक्ति के साथ गुरुवार प्रातः हवन एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें सेवा समिति से जुड़े एवं प्रमुख समाजसेवी लोगों की ओर से आहुति प्रदान की। इसके साथ आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का श्रद्धा एवं विश्वास के साथ समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में भागवत कथा की आरती सहित कथा वाचक स्वामी अमन भारती महाराज ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर भागवत कथा के पंडाल में आयोजित भंडारे में दाना पुरी एवं सब्जी का प्रसाद ठाहण कर श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ कमाया।

## विधायक की सीएम से शिष्टाचार भेंट

**सिकराय,** (निसं) सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की है। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र के स्कूलों के जर्जर भवनों व सड़कों सहित क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से भी अवगत कराया है।

## एसपी का वागत

**कोटपूतली।** नवपदस्थापित एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई का गुरूवार को मेघवाल विकास समिति एवं अम्बेडकर विचार मंच के पदाधिकारियों द्वारा समिति के जिलाध्यक्ष एड.सुबेसिंह मोरोड़िया के नेतृत्व में पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत अभिनन्दन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मोरोड़िया ने एसपी से जिले में एससी, एसटी सैल का गठन कर सैल का डीएसपी लगाने की मांग की। साथ ही जिले के विभिन्न थानों में स्टॉफ की कमी की पूर्ति करवाने की बात भी कही। जिस पर एसपी बिश्नोई ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस दौरान समिति के कोटपूतली अध्यक्ष मदनलाल आर्य, बदलूराम आर्य, बंशीधर आदि मौजूद रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर उकेरे जा रहे देश भक्ति के रंग

**कोटपूतली।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा एवं सरकार के निर्देशानुसार जिले में 02 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन कर आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार करने के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि यह अभियान सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुरू की गई एक पहल हैं। जिसके तहत लोगों

- **जिला कलक्टर की अपील वॉलंटियर बन करें आमजन को देशभक्ति के प्रति जागरूक, अपनी कहानी और सेल्फी करें अपलोड**

को अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराने के लिये प्रेरित किया जाता है। इस अभियान का उद्देश्य देश भक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है। सरकार से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में विभिन्न चरणों में शहर से लेकर कस्बों एवं गांवों तक तथा विद्यालयों में तिरंगा रैली, तिरंगा राखी वर्कशॉप, दीवारों पर तिरंगे की चित्रकारी, प्रभात फेरी, तिरंगा रंगोली, मांडणा, राखी एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।



कोटपूतली में तिरंगा रैली निकालते बच्चे।

जिला कलक्टर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान के नोडल जिला परिषद एसीईओ महेंद्र सैनी एवं शहरी क्षेत्र में नोडल नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट अभियान के सफल आयोजन के लिये निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिला कलक्टर ने बताया कि तिरंगा वोलिंटियर्स कार्यक्रम के तहत जिले के सभी कार्मिक, आमजन, युवा, महिला, छात्र-छात्रायें आदि जो देशभक्ति के संबंध में आमजनता को जागरूक करना चाहते है, वे हर घर तिरंगा वेबसाईट पर वोलिंटियर्स के रूप में पंजीकरण करा सकते हैं। ऐसे वोलिंटियर्स आम जनता को देश की आजादी, देश भक्ति, तिरंगा का उद्देश्य, ध्वजारोहण, तिरंगा के साथ में हर घर तिरंगा पोर्टल पर सैल्फी अपलोड करने आदि के संबंध में आम जनता को स्थानीय भाषा में समझायेंगें। जिला कलक्टर ने अपील करते हुये कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन करें तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वोलिंटियर्स अपने प्रमाण-पत्र हर घर तिरंगा पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। उत्कृष्ट वोलिंटियर्स को खण्डधजिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा।

जिला कलक्टर ने बताया कि हर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सम्पूर्ण राज्य में 02 से 15 अगस्त के मध्य देश भक्ति का माहौल बनाने एवं इसका आह्वान करने से संबंधित कई कार्यक्रम जन सहभागिता के साथ सम्पूर्ण राज्य में तीन चरणों में आयोजित किये जायेंगे। प्रथम फेज 01 अगस्त से शुरू हुआ जो कि 08 अगस्त तक चलेगा, द्वितीय फेज 09 से 12 अगस्त तक व तृतीय फेज 13 से 15 अगस्त तक होगा।

अभियान के दौरान जिले में कार्य योजना के अनुसार हर घर तिरंगा प्रचार-प्रसार, राजकीय भवनों एवं शैक्षणिक संस्थाओं में प्रदर्शनी, तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता, तिरंगा राखी बनाओं वर्क्सशॉप, आजादी का श्रमदान, तिरंगा के साथ सेल्फी लेना, लाईट डेकोरेशन, तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट के निर्देष पर घर घर व दुकानदारों को तिरंगा झंडों का वितरण किया गया। इस दौरान एक्सईएन दीपक मीणा, एएफओ सत्यनारायण वर्मा, जेईएन कृष्ण कुमार गुर्जर व भादर सिंह यादव, वरिष्ठ प्रारूपकार मोहन गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहें।

## शिव आराधना महोत्सव का भव्य आयोजन

**फुलेरा।** कस्बे बिचून रोड़ स्थित तेजाजी चौक शिवालय परिसर में रविवार को जनकल्याण सेवा समिति फुलेरा एवं आमजन के सहयोग से विशाल शिव आराधना महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल सांभरलेक स्थित पवित्र तीर्थ स्थल देवयानी सरोवर से पवित्र कांवड़ जल लाकर की गई। जिसके पश्चात कांवड़ियों ने शिवलिंग पर रुद्राभिषेक कर समस्त जनमानस के कल्याण की कामना की।

कांवड़ यात्रा में फुलेरा के विभिन्न क्षेत्रों से आये करीब 9 मन्दिरों के कांवड़िए शामिल हुए। जिन्होंने पूरे जोश और श्रद्धा के साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना की। वहीं पण्डित शिवनारायण शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रुद्राभिषेक करवाया। इसके उपरान्त वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सन्देश भी दिया गया, जिससे जनमानस में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़े। इसके बाद मन्दिर में महाआरती की गई। वहीं कांवड़ियों और श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ठाहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे पूर्व शनिवार को रुद्रमहायज्ञ का आयोजन भी किया गया था। जिसमें मुख्य यजमान के रूप में जयराज शेखावत एवं मीनू कंवर रहे। इस अवसर पर जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी सिंह शेखावत ने कहा कि एक लौटा जल सभी समस्याओं का हल है। भोलेनाथ का स्मरण कर हम सुख, शांति और समृद्धि की कामना करें। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में दिलीप सुरोलिया, अवधेश टांक, यादराम जोशी, गजेन्द्र सिंह शेखावत, रतन राजोरा, सुरेश सांखला, राजेन्द्र वर्मा, मांगी लाल सैनी, मदन सिंह, मुकेश गेनोलिया, सूरज वर्मा, कृष्णकांत, अमर सिंह, राहुल वर्मा, सुमन शर्मा, पूनम कुमावत, जयराज सिंह शेखावत, कार्तिक कुमावत, कालू, बजरंग जोशी, पन्नालाल सहित अनेक सेवाभावी लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

## फुलेरा में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां जोरों पर

**फुलेरा ।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह को लेकर नगर में तैयारियां ज़ोरों पर चल रही हैं। राजकीय एवं निजी स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा स्कूल खेल मैदान में पी.टी. परेड का नियमित अभ्यास किया जा रहा है। यह अभ्यास शारीरिक शिक्षक रमेश कुमार सरावता, कमलेश सैनी, शैलेन्द्र शर्मा,

- **स्कूल खेल मैदान पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास जारी**

योगेन्द्र गहलोत, महेश तारवान, धर्मराज खांडेकर एवं राजेन्द्र जीतरवाल के निर्देशन में संपन्न हो रहा है।

छात्र-छात्राओं में इस अवसर को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। मुख्य समारोह नगर पालिका मण्डल फुलेरा द्वारा स्कूल खेल मैदान में


स्कूल खेल मैदान पर पी.टी. परेड का अभ्यास किया।

आयोजित किया जाएगा। साथ ही पालिका सभागार में निजी स्कूलों के छात्र छात्राओं की सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारियां भी चल रही हैं।

राजकीय विद्यालयों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारी राजकीय बालिका विद्यालय में की जा रही है। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में शिक्षक राधेश्याम कुमावत, सुनील वर्मा, विनोद कुमार प्रजापति, मूलचंद गरवा, दिलीप सुरोलिया, रेशमा माचलीवाल, गोपाल सैनी, एकता वर्मा, कैलाश नोदल एवं राजकुमार वैष्णव का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

## रात्रि चौपाल का आयोजन

**खैरथल।** बीती रात्रि को खैरथल तिजारा जिले के मुंडावर की ठाम पंचायत गोपीपुरा में जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ठामीणों की ओर से दिए गए परिवादों को जिला कलेक्टर ने सुना और संबंघित विभागीय अधिकारियों को 7 दिवस में नियम अनुसार कार्रवाई कर समाधान के निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को जालपिवास सड़क मार्ग पर पुलिया निर्माण करवाने, पेहल व नारेडी को एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले पुल की ऊंचाई बढ़ाने, विद्युत सप्लाई लाइन बदलवाने, जल जीवन योजना चालू करवाने, गांव में लाइब्रेरी निर्माण करवाने, मुआवजा दिलवाले, रास्ता खुलवाने, खाते में डबल एंट्री को सही करने, कृषि भूमि की पैमाइश करने, रास्ता दर्ज करवाने सहित बिजली पानी से संबंधित परिवाद दर्ज कराएं। ग्रामीणों की मांग एवं शिकायतो को सुनने के बाद कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि अधिकारी किसी भी प्रकरण को लंबित न रखें, यदि कोई मामला उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है तो उच्चाधिकारियों से संपर्क करें एवं समय अवधि में उसका समाधान सुनिश्चित करें व अधिकारियों को परिवादी से व्यक्तिगत संपर्क बनाकर एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार लाने के निर्देश भी दिए गए।इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे वृद्ध जन पेंशन योजना, सशक्त खैरथल तिजारा, पीएम सूर्यघर योजना, के बारे में विस्तार से आवेदन की प्रक्रिया के बारे में बताया।

## जिलेभर में निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा

**टोंक।** भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत 10 अगस्त से 14 अगस्त तक जिलेभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जायेगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करना और उन्हें भारत की यात्रा और इस महान राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने वालों की याद दिलाना है। उन्होने बताया कि भाजपा पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों के निर्देशानुसार 10 अगस्त से 14 अगस्त तक जिले में होने वाली तिरंगा यात्रा के लिए संयोजक व सहसंयोजक की घोषणा की है, जिसमें संयोजक प्रभु बाड़ोलिया, राधेश्याम चावला को बनाया गया है। भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश यादव ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन आज दोपहर को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय नगर परिषद कॉलोनी में भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में रखी गई हैं।

सार-समाचार

## 323 लीटर सरसों तेल को सीज

**टोंक।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण के दिशानिर्देशानुसार आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाये जाने हेतु विशेष अभियान "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" के तहत जिले के उनियारा उपखण्ड के अलीगढ़ कस्बे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी की कार्यवाही की गई। जिसके तहत अलीगढ़ कस्बे मे संचालित फर्मो का औचक निरीक्षण कर विनीता जनरल स्टोर अलीगढ़ से कच्ची घानी सरसों तेल, टैगोर ब्रांड का नमूना लेकर लगभग 323 लीटर सरसों तेल को सीज किया गया, राज ट्रेडर्स अलीगढ़ से धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर का नमूना, श्रीराम स्वीट्स ककोड़ से मावा और मावा बर्फी का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला में भिजवाया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

## जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित

**फुलेरा।**कस्बे के श्रीराम नगर स्थित शिवालय मंदिर पर बुधवार को प्रजापति समाज की ओर से जलाभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया गया। दक्ष सेवा समिति अध्यक्ष नंदकिशोर खटोड़ ने बताया कि प्रजापति समाज फुलेरा भगवान शिव जलाभिषेक कार्यक्रम से पूर्व भगवान दक्ष व श्रीयादे माता की फोटो के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। भेसलाना समिति के नवीन अध्यक्ष अमितकुमार अनावडिया, उपाध्यक्ष बनवारीलाल मारवाल, पूर्व अध्यक्ष बजरंगलाल बागरानिया का साफा व माला पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अमित कुमार ने कहा कि शिक्षा जागृति व स्वरोजगार पर समाज को आगे बढ़ाना समाज, एकता समाज में व्याप्त कुरूतियो को दूर करने को समिति द्वारा पूरा सहयोग करेंगे साथ ही समाज के अन्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर जयनारायण राजोरा, कालूराम, शंकरलाल खटोड़, चिरंजीलाल, कैलाशचंद, ताराचंद बोरावड़ा, जोबनेर अध्यक्ष नंदराम बालोदिया, प्रभु दयाल, विनोदकुमार मारवाल, जुगल किशोर, विजय खटोड़, राजेंद्र खटोड़, घनश्याम सहित फुलेरा, सांभर, नरेना, जोबनेर रेनवाल, भेसलाना सहित अन्य जगहों से समाज के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**टोंक।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) शाखा देवली ने गुरुवार को शिक्षकों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी रूबी अंसार को ज्ञापन सौंपा, इस दौरान सैकड़ों शिक्षक और पदाधिकारी मौजूद रहे। ज्ञापन में शिक्षा विभाग में लंबित स्थानांतरण, समय पर पदोन्नति और वेतन विसंगतियों का समाधान जैसी मांगो को पूरा करने तथा संविदा कर्मियों के स्थायीकरण, शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यो से मुक्ति और कंप्यूटर अनुदेशकों की नियुक्ति व नियमितीकरण की मांगें भी उठाई गईं। संघ अध्यक्ष द्वारका प्रसाद मेघवंशी ने कहा कि सरकार शिक्षकों की वर्षों पुरानी मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि न तो कोई ठोस कार्यवाही हो रही है और न ही कोई सकारात्मक पहल दिख रही है। इसी कारण प्रदेशभर में एक साथ सभी उपखंड अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया है।

## आवेदन 10 अगस्त तक

**कोटपूतली।** राजस्थान सरकार द्वारा देवस्थान विभाग के माध्यम से निःशुल्क वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025ष प्रायोजित की गयी है। सहायक आयुक्त द्वितीय देवस्थान विभाग ने बताया कि इसके अन्तर्गत हवाईजहाज से पशुपतिनाथ-काठमाण्डू नेपाल की यात्रा की जा सकती है। रेल द्वारा हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या-वाराणसी-सारनाथ, सम्मेदशिखर-पावापुरी-वाराणसी-सारनाथ, मथुरा-वृन्दावन बरसाना-आगरा-अयोध्या, द्वारकापुरी-नागेश्वर-सोमनाथ, तिरूपति-पघ्द्मावती, कामाख्या-गुवाहाटी, गंगासागर-कोलकत्ता, जगन्नाथपुरी-कोणार्क,रामेश्वरम-मदुरई, वैष्णोदेवी-अमृतसर-वाधाबार्डर, गोवा के मंदिर एवं अन्य स्थल चर्च आदि, महाकालेश्वर, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्रयम्बकेश्वर-घृष्णेश्वर-एलोरा, बिहार शरीफ, पटनासाहिब, पटना, बिहार श्री हजूरसाहिब नांदेड, महाराष्ट्र की यात्रा की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इन धार्मिक स्थलों की यात्रा राजस्थान सरकार द्वारा देवस्थान विभाग के माध्यम से निःशुल्क प्रयोजित की जा रही है। इस हेतु राजस्थान के मूल निवासी जिसकी आयु 60 वर्ष या इससे अधिक है ऐसे पात्र वरिष्ठ नागरिक 10 अगस्त 2025 तक देवस्थान विभाग की वेबसाईट पर सीधे जा कर आवेदन कर सकते है।

## प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेटिंशिप मेला 11 को

**कोटपूतली।** कस्बे के मौहल्ला बड़ाबास स्थित राजकीय आई.टी.आई. में सोमवार 11 अगस्त को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेटिंशिप मेला आयोजित किया जायेगा। सहायक निदेशक कुंतल कुमार सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेटिंशिप मेला भारत सरकार की एक राष्ट्रव्यापी पहल हैं। जिसका उद्देश्य शिक्षुता प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना है। यह कार्यक्रम युवाओं को विभिन्न उधोगों से जोड़ता हैं, उन्हें व्यवहारिक अनुभव प्रदान करता हैं और सीखते हुये आय के अवसर उपलब्ध कराता है। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा कक्षा 10 वीं, 12 वीं, आई.टी.आई., बीएससी (कैमेस्ट्री), पोलोटेक्निक, बीटेक, स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। इच्छुक युवा मेले में उपस्थित होकर लाभ अर्जित कर सकते हैं।

## बदमाशों की पुलिस ने निकाली परेड

**बहरोड़/नीमराना।** कोतवाली थाना पुलिस बहरोड़ ने मुख्य बाजार से हत्या करने के आरोपी हार्डकोर बदमाशों की परेड निकाली।वहीं सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि उक्त बदमाश एक तरफ जहां जेल से फरार चल रहे थे वहीं दूसरी तरफ किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

# निलंबित प्रधान विनोद कुमारी ने सुबह संभाला पदभार, कुछ घंटे बाद हटाया

**किशनगढ़ बास।** खैरथल तिजारा जिले की कोटकासिम पंचायत समिति में बुधवार को राजनीति माहोल गरम रहा। सरकार के आदेश पर सुबह निलंबित चल रही प्रधान डॉ विनोद कुमारी सांगवान ने वापस प्रधान का पदभार संभाला और उसके कुछ घंटे बाद ही सरकार के पुनः आदेश पर पहले प्रधान का पदभार देख रही संता देवी ने वापस पदभार संभाल लिया।

प्रधान सांगवान को मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय यादव के साथ पिछले महीनों जिला सचिवालय में मारपीट एवं अभद्रता करने के मामले में निलंबित किया गया था। प्रधान डॉ. विनोद कुमारी सांगवान ने राजस्थान उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश (स्टे)

- **पंचायत समिति कोटकासिम में प्रधान पदभार को लेकर दिन रहा मामला गरम**

प्राप्त कर व राज्य सरकार के आदेश पर बुधवार सुबह पुनः पदभार ठाहण किया था, लेकिन सरकार ने बुधवार दोपहर को पुनः आदेश जारी कर उन्हें पद से हटाने का निर्णय लिया है।

बुधवार दोपहर बाद प्रधान विनोद कुमारी सांगवान के निलंबन के आदेश आते ही प्रधान संता देवी ने प्रधान का पदभार वापस ठाहण कर लिया। ठामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की


दोपहर बाद संतो देवी ने फिर से प्रधान का पदभार संभाला।

ओर से जारी आदेश के अनुसार, डॉ. विनोद कुमारी पर नियमों की अवहेलना और अनुचित व्यवहार के आरोपों को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

21 अप्रैल को जिला कलेक्ट्रेट में दिशा की बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय यादव और कोटकासिम प्रधान विनोद कुमारी सांगवान के बीच झगड़ा हो गया था इस दौरान प्रधान विनोद कुमार सांगवान ने संजय यादव को चप्पल मार दी थी इसका एक वीडियो भी सामने आया था। अधिकारी की ओर से प्रधान के खिलाफ खैरथल थाने में मामला भी दर्ज कराया था। मामले में 28 अप्रैल को प्रधान को निलंबित कर दिया गया, जिसे लेकर उन्होंने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। अदालत ने 29 जुलाई को उनकी पुनः बहाली का आदेश दिया, जिसके बाद उन्होंने 6 अगस्त को पदभार ठाहण किया। लेकिन पुनः जांच रिपोर्ट और शासन स्तर पर प्राप्त दिशा-निर्देशों के आधार पर अब एक बार फिर से निलंबन की कार्रवाई की गई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जब तक इस प्रकरण में अंतिम निर्णय नहीं आता, तब तक डॉ. विनोद कुमारी प्रधान पद पर कोई कार्य नहीं करेंगी और न ही पंचायत समिति की बैठकों आदि में भाग लेंगी। प्रधान विनोद कुमारी सांगवान ने कहा कि यह सब राजनीतिक षड्यंत्र के तहत किया जा रहा है। सरकार ने अपना निलंबन आदेश वापस लेते हुए उन्हें बहाल किया था लेकिन राजनीतिक दुर्भावना के चलते आनन फानन में ही बिना आधार के ही उनका निलंबन आदेश जारी किया गया है। वहीं सरकार के आदेश के बाद वह प्रधान बनी है और निलंबन के बाद दूसरे प्रधान के ज्वाइन करने का आदेश जारी नहीं हुए उससे पहले ही उपप्रधान संता देवी ने प्रधान का पदभार ग्रहण कर लिया जो पूरी तरह से गैर कानूनी है।

## ज्ञापन सौंपा

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के लाखनपुर ग्राम पंचायत की समस्त आंगनवाड़ी महिला कार्यकर्ताओं ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी पारूल चौधरी को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर लाखनपुर आंगनबाड़ी केंद्रों को मित्रपुरा से हटाकर बौंली मुख्यालय से जोड़ने की मांग को लेकर ज्ञापन सोंपा। ज्ञापन देते समय लाखनपुर डूंगरी, गोल, गोठड़ा, खेड़ा, चोरपुरिया, झाबुला ढाणी, व खोहरी की अनीता, सुनीता मीणा, धोली, रेशम गुर्जर, रसाली देवी, कविता, संतरा, भूंरी देवी, सजना देवी, व पिंकी आदि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सोंपकर बताया कि लाखनपुर ग्राम पंचायत से बौंली मुख्यालय की दूरी मात्र 4 किलोमीटर है जबकि मित्रपुरा 20 से 22 किलोमीटर दूरी पर पड़ता है एवं आवागमन का भी कोई साधन नहीं है, अल्प वेतन पर कार्यरत महिला कर्मियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए लाखनपुर ठाम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों को बौली मुख्यालय से जोड़ने की मांग की गई है, इससे पूर्व भी 14 जुलाई 2025 को इस मामले को लेकर ज्ञापन सोंपा गया था। इस मामले को लेकर जब सीडीपीओ पारूल चौधरी से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि एक सेक्टर पर 30 से 35 केंद्र होते हैं इसको लेकर खिरनी व भाडौती को भी मलारना डूंगर से जोड़ा गया है, इनका सेक्टर मित्रपुरा पड़ता है इन्हें दूरी पर आने जाने की समस्या है मैं अपने स्तर पर उनकी एक माह में एक या दो बार होने वाली मीटिंग को बौंली मुख्यालय पर आयोजित करा सकती हूं, यह पुरानी समस्या है, फिर भी मेरी कोशिश रहेगी की परमिशन के लिए आगे भेजूं, लेकिन यह कार्रवाई उच्चस्तर पर ही संभव है।

# ऋषभदेव पुलिस की कार्यशैली के विरोध में ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर।** ऋषभदेव थाना पुलिस द्वारा सुरेश पंचाल की अवैध हिरासत में मृत्यु के संबंध में दोषियों पर कडी कार्यवाही एवं निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए उपखंड अधिकारी सीमलवाडा के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

ज्ञापन पंचाल समाज चौरासी, सर्राफा व्यापार मंडल पीठ, सीमलवाडा ने संयुक्त रूप से प्रेषित किया। पंचाल समाज युवा प्रकोष्ठ चौरासी के अध्यक्ष जितेंद्र पंचाल, महामंत्री हरिओम पंचाल, पंकज पंचाल ने बताया कि गत 4 अगस्त 2०25 को हमारे पंचाल समाज के सर्राफा व्यवसायी बिछीवाडा निवासी, सम्मानित सदस्य धर्मनिष्ठ एवं ईमानदार व्यापारी सुरेश पंचाल को पुलिस थाना ऋषभदेव द्वारा बिना किसी वारंट के उनके घर से जबरन उठाकर अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। हिरासत के दौरान पुलिस द्वारा उनके साथ अमानवीय एवं बर्बरतापूर्ण व्यवहार किया गयाए और जबरन बरामदगी स्वीकार करवाने हेतु दबाव बनाया गया। इस पुलिस अत्याचार के चलते सुरेश पंचाल की थाने में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। सुरेश पंचाल एक अत्यंत सज्जन, शांत स्वभाव के धार्मिक और समाजसेवी व्यक्ति थेए जिनकी इस प्रकार से अकाल मृत्यु ने सम्पूर्ण पंचाल समाज ही नहीं,अपितु सम्पूर्ण क्षेत्र को आक्रोशित एवं शोकाकुल कर दिया है। यह घटना पुलिस की बर्बरता और मनमानी का घृणित उदाहरण है, जो कि


ऋषभदेव पुलिस की कार्यशैली के विरोध में पंचाल समाज चौरासी एवं सर्राफा व्यवसायी सीएम के नाम ज्ञापन सौंपने जाते।

न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है बल्कि विधि के शासन की भी हत्या है। पुलिस के ध्येय वाक्य अपराधियों में खौफ और आमजन में विश्वास की बात थोथा वाक्य साबित हो रहा है। रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है। पंचाल समाज युवा प्रकोष्ठ, चौरासी तथा व्यापार मंडल की ओर से इस अमानवीय एवं आपराधिक कृत्य की घोर निंदा करते हुए निम्नलिखित मांगें मुख्यमंत्री को प्रेषित की इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हाइकोर्ट के रिटायर्ड जज के नेतृत्व में फॉस्ट ट्रैक कोर्ट से कार्यवाही किये जाने की मांग की है। दोषी पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को तत्काल बर्खास्त कर उनके विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में आपराधिक मामला दर्ज किया जाए। मृतक के परिवार को न्यायिक प्रक्रिया के तहत सुरक्षा एवं पर्याप्त मुआवजा प्रदान किया जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं पुनः न हों, इसके लिए पुलिस व्यवस्था में सुधार एवं जवाबदेही तय करने की मांग की गई। सभी वक्ताओं ने कहा किए इस प्रकार की घटनाएं प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को तोडती हैं। इसीलिए मुख्यमंत्री से मांग है कि इस मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो पंचाल समाज एवं स्थानीय जनमानस को विरोध के लिए बाध्य होना पडेगा। ज्ञापन प्रेषित करने में पंचाल समाज अध्यक्ष कारीलाल पंचाल, पुर्व अध्यक्ष डायालाल पंचाल, प्रकाश सोनी, पंकज पंचाल,पियूष पंचाल, विनोद पंचाल, डायालाल पंचाल, अखिल जैन, गौरव जैन, अल्पेश, देवीलाल,किरीट पंचाल, विशाल कोठारी आदि मौजूद रहे।